भारत सरकार

वस्त्र मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 3472

25 मार्च, 2021 को जवाब दिया

ओडिशा में हथकरघा उत्पादों के ऑनलाइन विपणन के लिए ई-वाणिज्य प्लेटफार्म

3472. श्री अश्वनी वैष्णव:

क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) ओडिशा में हथकरघा उत्पादों के ऑनलाइन विपणन के लिए वर्तमान में उपलब्ध सरकारी ई-वाणिज्य प्लेटफार्म के ब्यौरे क्या हैं;

(ख) इन ऑनलाइन विपणन प्लेटफार्म के संबंध में जागरूकता बढ़ाने के लिए क्या – क्या कदम उठाए गए हैं; और

(ग) हथकरघा उत्पादों की अंतरराष्ट्रीय बाज़ारों तक पहुंच में सुधार लाने के लिए क्या-क्या कदम उठाए जाएंगे?

उत्तर

वस्त्र मंत्री

(श्रीमती स्मृति ज़ूबिन इरानी)

(क) और (ख): वर्तमान में ओडिशा राज्य सहित देश में हथकरघा उत्पादों के ऑनलाइन विपणन हेतु उपलब्ध सरकारी-ई-मार्केटप्लेस (जेम) सरकार का ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म है। बुनकरों को जेम पर ऑन-बोर्ड करने के लिए कदम उठाए गए हैं ताकि वे अपने उत्पादों को विभिन्न सरकारी विभागों और संगठनों को सीधे तौर पर बेच सकें। ओडिशा राज्य से अब तक लगभग 6000 हथकरघा बुनकरों को जेम पोर्टल पर ऑन-बोर्ड किया जा चुका है, अब तक लगभग 1.50 लाख हथकरघा बुनकर को ऑन-बोर्ड कर दिया गया है।

इसके अलावा, पूरे देश में हथकरघा उत्पादों के ऑन-लाइन विपणन के लिए 23 ई-कॉमर्स कंपनियां भी जुडी हुई हैं।

हथकरघा उत्पादों के ऑनलाइन विपणन में भागीदारी के लिए हथकरघा बुनकरों / उत्पादकों को शिक्षित और प्रोत्साहित करने के लिए देश भर में समय-समय पर जागरूकता शिविरों, चौपालों आदि के आयोजन किए जाते हैं।

(ग): अंतरराष्ट्रीय बाजारों में हथकरघा उत्पादों को लोकप्रिय बनाने के लिए, हथकरघा निर्यात संवर्धन परिषद (एचईपीसी) अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शनियां, कार्यक्रम और आरबीएसएम का आयोजन करता है। वर्ष 2020-21 के दौरान, एचईपीसी ने वर्चुअल मोड में 08 अंतर्राष्ट्रीय मेलों का आयोजन किया है।

***